Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 11 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 74

# चक्रवाती तूफान 'मैंडूस' ने मचाई तबाही, घरों की छतें उड़ीं, स्कूल-कॉलेज बंद; चेन्नई की सड़कें जलमग्न




**चेन्नई (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफान 'मैंडूस' और खतरनाक होता जा रहा है। यह तूफान बीती देर रात महाबलिपुरम के पास तट को क्रॉस कर चुका है और यह महाबलिपुरम के पास पहुंच गया है। तूफान की आशंका को देखते हुए कई इलाकों में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। हालांकि अब यह तूफान कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। आज दोपहर तक तूफान पूरी तरह से कमजोर पड़ जाएगा। तूफान के कारण कई तटीय जिलों में तेज बारिश हो रही है। कटुप्पक्कम में करीब 16 सेमी बारिश हो चुकी है।

ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन (जीसीसी) ने सभी से चक्रवाती तूफान के कमजोर पडऩे तक बाहर जाने से बचने का अनुरोध किया है। 3 घंटे में लगभग 65 पेड़ गिर गए हैं। तूफान के कारण मदुरंथकम, ईसीआर और ओएमआर में कई पेड़ उखडक़र सडक़ों पर गिर गए हैं। इससे यातायात बाधित हो गया है। जीसीसी उन्हें हटाने के उपाय कर रही है।

निचले तश्तरी के आकार वाले क्षेत्रों में पानी के ठहराव को दूर करने के लिए मोटर पंपों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा चक्रवात के कारण भारी हवाओं और बारिश से चेन्नई के एग्मोर में एक फ्यूल स्टेशन की छत गिर गई। उसके परिसर में लगा पेड़ भी गिर गया है। अभी तक किसी की जान जाने की खबर नहीं आई है। तूफान की वजह से चेन्नई और कुड्डालोर सहित 16 जिलों में स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इसके अलावा कॉलेज और यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई हैं।

मौसम विभाग ने 10 दिसंबर को उत्तरी तमिलनाडु और रायलसीमा और दक्षिण आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी कर दिया है। 11 दिसंबर को भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। तूफान की आशंका के मद्देनजर कई इलाकों में पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया गया था।

जानकारी के मुताबिक सुबह 4 बजे तक बसों का परिवहन फिर से शुरू कर दिया गया है। चेन्नई और महाबलिपुरम को जोडऩे वाले हाईवे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। जानकारी के मुताबिक जब चक्रवाती तूफान तट से टकराया उस समय अधिकतम 65-75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। तूफान अब उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है, इसलिए उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों में 55-65 किमी/घंटे की तेज हवाएं चलेंगी, जो शाम तक 30-40 किमी प्रति घंटे तक कम हो जाएंगी।

चेन्नई में सुरक्षा, राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए 16,000 पुलिसकर्मी और 1500 होम गार्ड्स को तैनात किया गया है। इसके साथ ही तमिलनाडु आपदा मोचन बल के 40 सदस्यों सहित जिला आपदा मोचन बल की टीम के 12 सदस्यों को स्टैंडबाई पर रखा गया है।

### 27 उड़ानें रद्द, कई इलाकों में भरा पानी

चेन्नई एयरपोर्ट से कुल 27 उड़ानें रद्द की गईं। चेन्नई और चेंगलपट्टू जिलों के कई इलाकों में भारी जल जमाव है, हालांकि बाढ़ नहीं देखी गई है।

अकेले चेन्नई में, चक्रवाती तूफान के कारण 300 पेड़ उखड़ गए और यातायात में व्यवधान को रोकने के लिए गिरे हुए पेड़ों को काटने और हटाने के लिए एक बड़े कार्यबल को तैनात किया गया है।

## तमिलनाडु तट पार करने के बाद कमजोर हुआ चक्रवात मैंडूस

चेन्नई के पास स्थित मामल्लापुरम तट पार करने वाला चक्रवाती तूफान 'मैंडूस' गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर कमजोर हो गया है लेकिन इसका शहर और उसके आसपास के इलाकों में काफी असर पड़ा जिससे कई पेड़ उखड़ गए. यहां वृहद चेन्नई निगम समेत निकाय एजेंसी गिरे हुए पेड़ों को हटाने में लगी रहीं. शहर में तथा आसपास के इलाकों में बिजली अभी गुल है. भारत मौसम विज्ञान विभाग चेन्नई ने ट्वीट किया कि चक्रवाती तूफान मैंडूस (जिसका मतलब खजाने की पेटी है) उत्तरी तमिलनाडु तट पर गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर कमजोर हो गया. यह 10 दिसंबर को दोपहर तक पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा तथा धीरे-धीरे कमजोर होकर दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा. तमिलनाडु के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने कहा कि उम्मीद के मुताबिक कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ. उन्होंने बताया कि 9,000 से अधिक लोगों को 205 राहत केंद्रों में रखा गया है. चेन्नई पुलिस ने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में करीब 100 पेड़ उखड़ गए तथा पांच स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गए. पुलिस ने बताया कि कामराजार सलाई में वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेलंगाना में सड़कदुर्घटना में तीन की मौत

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में आज एक सडक़ हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा अरमूर मंडल के चेपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुआ जब एक ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने एक चश्मदीद के हवाले से बताया कि, एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कार के क्षत-विक्षत अवशेषों से शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मृतकों की पहचान नंदीपेट निवासी अशोक, मोहन और रमेश के रूप में हुई है।


### मॉर्निंग वॉक के दौरान प्रोफेसर को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, सीसीटीवी में खौफनाक घटना कैद

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद की एक सोसायटी में मॉर्निंग वॉक कर रहे प्रोफेसर को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी दी है। इसके बाद बेकाबू कार ने पार्किंग में खड़ी कई और बाइकों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गई। प्रोफेसर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। सोसाइटी के अंदर टक्कर इतनी तेज थी की प्रोफेसर 10 फीट दूर जा कर गिरे। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की आम्रपाली एम्पायर सोसाइटी में ये हादसा 3 दिसंबर को हुआ, लेकिन इस मामले में प्रोफेसर पंकज गोयल की पत्नी सुकीर्ति गोयल ने 8 दिसंबर को एफआईआर कराई है। 3 दिसंबर की सुबह 7 बजे पंकज गोयल, पत्नी सुकीर्ति गोयल व एक अन्य रेजिडेंट्स के साथ सोसाइटी के अंदर मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इस दौरान एक कार तेजी से गेट के अंदर घुसती है और सडक़ के सबसे दाएं तरफ चल रहे पंकज गोयल को टक्कर मार देती है। हादसे के बाद कार सवार करीब 30 मीटर आगे जाकर रुक गया। इस हादसे में पंकज पहले बोनट के ऊपर और फिर सडक़ पर गिर जाते हैं, जबकि उनकी पत्नी बाल-बाल बचती हैं। इन तीनों लोगों के पीछे चल रहे एक अन्य रेजिडेंट्स भी इस हादसे में बाल-बाल बचे। इसके बाद ये कार पार्किंग में खड़ी कई बाइकों को टक्कर मारती है। करीब 30 मीटर आगे जाकर ड्राइवर ने कार रोक दी। हादसे में कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं।

### अली मेहदी, 2 नवनिर्वाचित पार्षद आप में शामिल होने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस में लौटे, मांगी माफी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद दो नवनिर्वाचित पार्षदों और नेता अली मेहदी ने कांग्रेस में वापसी की तथा माफी मांगी। सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए मेहदी ने कहा कि उन्होंने आप में शामिल होकर गलती की। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस और राहुल गांधी के 'वफादार कार्यकर्ता' हैं। मेहदी ने वीडियो में कहा, 'मैंने बड़ी गलती की। मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं और हाथ जोडक़र राहुल गांधी से माफी मांगता हूं। इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने ट्वीट किया, 'रात के दो बज रहे हैं और कांग्रेस के चिह्न पर मुस्तफाबाद से जीते पार्षद फिर से कांग्रेस में लौट आए, धोखा देकर उन्हें आम आदमी पार्टी में शामिल कराया गया था। महज चंद घंटे में उन्होंने अपनी भूल सुधारी और अभी फिर से कांग्रेस का हिस्सा बन गए। मेहदी और दो नवनिर्वाचित पार्षद-सबीला बेगम तथा नाजिया खातून शुक्रवार को आप में शामिल हो गई थीं।

## चार दिन पहले बोरवेल में गिरे आठ साल के बच्चे की मौत, शव बरामद



**बैतूल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश में बैतूल जिले के एक गांव में छह दिसंबर को बोरवेल में गिरकर करीब 40 फुट की गहराई में फंसे आठ साल के बच्चे की मौत हो गई है और शनिवार सुबह उसका शव बरामद कर लिया गया.

पुलिस ने बताया कि तन्मय नाम का यह लडक़ा मंगलवार शाम मंडावी गांव में बोरवेल में गिर गया था. बचाव अभियान में जुटे होमगार्ड कमांडेंट एस आर अजमी ने कहा कि बोरवेल में फंसे बच्चे को बचाव दल ने शनिवार सुबह पांच बजे बाहर निकाल लिया, लेकिन बच्चे की मौत हो चुकी है.

उन्होंने कहा कि उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एंबुलेंस से बैतूल जिला अस्पताल पहुंचाया गया है. अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे लडक़ा खेलते समय बोरवेल में गिर गया था और 35 से 40 फुट की गहराई में फंस गया था जिसके तुरंत बाद उसे निकालने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया था. उन्होंने कहा कि बच्चे को निकालने के लिए एक समानांतर गड्ढा खोदा गया और सुरंग बनाकर उसे वहां से बाहर निकाला गया, लेकिन करीब 84 घंटे के बचाव अभियान के बाद वह मृत मिला. जिलाधिकारी अमनबीर सिंह बैंस ने शुक्रवार को कहा था कि बच्चे की ओर से कोई जवाब नहीं मिल रहा है.

## प्रेम में बहन ने सगे भाई की करवाई हत्या, प्रेमी संग गिरफ्तार




**चित्तौडग़ढ़ (आरएनएस)।** राजस्थान में चित्तौडगढ़ जिले के गंगरार में एक युवक का सर कटा शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में मृतक की सगी बहन उसके प्रेमी एवं एक बाल अपचारी सहित चार को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि कसबे में किले की पहाड़ी के पीछे स्थित एक कुएं से पुलिस को एक युवक का धड़ मिला था और दूसरे दिन सर भी मिल गया जिसकी शिनाख्त मधयप्रदेश के मन्दसौर जिले के गरोठ निवासी महेंद्र रायका के रूप में हुई। मृतक हाल गंगरार के समीप भटखेड़ा स्थित अपने ननिहाल में मां तथा दो बहनों के साथ रहकर ट्रक चलने का काम करता था।


पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच की तो पता चला कि मृतक की बहन तनु उफऱ् तनिष्का का प्रेम प्रसंग गंगरार निवासी महावीर धोबी के साथ था जिस पर भाई महेंद्र को आपत्ति थी और हाल ही उसकी सगाई उज्जैन में कर दी थी और फऱवरी में शादी भी तय कर दी। तनु ने यह बात अपने प्रेमी को बता भाई को रास्ते से हटाने की बात कही।

गत 16 नवम्बर को तनु ने एक रिश्तेदारी में कोटा से चित्तोड़ आकर अपने भाई को फोन पर उसे लेने आने की कहा। ये बात योजना अनुसार उसने अपने प्रेमी महावीर को बता दी जिसने रास्ते में ही अपने एक साथी महेंद्र धोबी एवं बाल अपचारी के साथ मिलकर अगवा कर लिया और बिजली के तार से गला घोट हत्या करने के बाद शव पर वजऩी पत्थर बांध कुए में फेंक दिया। पानी में गलने के कारण सर अलग हो गया था जो दूसरे दिन मिला था। वहीं मृतक ट्रक चलाता था और कई दिनों तक घर नही आता था इसलिए रिपोर्ट भी नही लिखवाई थी।

मुख्य आरोपी तनु एवं महेंद्र ने पुलिस को बताया कि हत्या कर सबूत मिटाने की सारी योजना दृष्यम फ़िल्म देखकर बनाई जिसके अनुसार प्रेमी महावीर ने घटना के दिन अपना मोबाइल बन्द रखा और शव को ठिकाने लगाकर वह मन्दसौर चला गया और वहा पर अपना मोबाइल ऑन करने के बाद ट्रेन में बैठकर चित्तौडग़ढ़ आ गया।

जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तब भी वो खुद को मन्दसौर में होना बताता रहा लेकिन सख्ती के आगे टूट गया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया जबकि बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

## भूपेंद्र पटेल को फिर गुजरात की कमान, चुने गए विधायक दल के नेता




**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के सीएम के तौर पर विधायक दल की बैठक में भूपेंद्र पटेल के नाम पर मुहर लग गई है। आज बीजेपी विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षकों ने विधायकों के सामने भूपेंद्र पटेल का नाम रखा और फिर सर्वसम्मति से उनको विधायक दल का नेता चुन लिया गया। भूपेंद्र पटेल को दोबारा सीएम की कुर्सी देने का फैसला आलाकमान ने किया है।

गुजरात में अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद भाजपा सोमवार, 12 दिसंबर को राज्य में लगातार सातवीं बार सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा अन्य कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी गुजरात के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं।

भूपेंद्र पटेल और गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता देने के लिए शनिवार शाम को दिल्ली आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल गठन और नए मंत्रियों के नाम को लेकर भी चर्चा की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में 20 के लगभग विधायक मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिपद की शपथ ले सकते हैं।

### हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, आज लेंगे शपथ



**शिमला (आरएनएस)।** कांग्रेस आलाकमान ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा सर्वसम्मति से सारे विधायकों ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को विधायक दल का नेता चुना है। आज रविवार उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री के रूप में मुकेश अग्निहोत्री को चुना गया है। ये आलाकमान का निर्णय है।

## 100 से ज्यादा उपद्रवियों ने घर पर किया हमला, बेडरूम में घुसकर युवती का किया अपहरण

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। करीब 50 आदमियों की भीड़ जबरन एक घर में घुस गई और तेलंगाना की 24 वर्षीय एक महिला का अपहरण कर लिया, जो कथित रूप से एक डॉक्टर बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक दिल दहला देने वाला वीडियो क्लिप भी सामने आया है। इस मामले में स्थानीय मीडिया की तरफ से बताया है कि पुलिस द्वारा एक घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे बचाया गया।

मीडिया रिपोर्ट में बताया कि तेलंगाना में हैदराबाद के पास रंगा रेड्डी जिले के आदिबाटला गांव में महिला को उसके ही घर से अगवा किया गया था। महिला के माता-पिता ने कथित तौर पर आरोप लगाया है कि लगभग 100 युवक उनके घर में घुस आए और उनकी बेटी वैशाली को जबरन उठा ले गए। वीडियो में कम से कम 30 लोगों को देखा जा सकता है, जो घर में तोडफ़ोड़ कर रहे हैं, कार की खिड़कियां तोड़ रहे हैं और एक व्यक्ति को घर से बाहर खींच कर लाठियों और डंडों से पीट रहे हैं।

देर शाम पुलिस ने पीड़िता को छुड़ा लिया और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## अजन्मे बच्चे को गोद लेने का समझौता पैसे के लिए गोद लेने जैसा : कर्नाटक हाईकोर्ट

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने 2 साल, नौ महीने की एक बच्ची के माता-पिता द्वारा संयुक्त रूप से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कहा है कि एक अजन्मे बच्चे के 'गोद लेने के लिए समझौता' कानून के लिए अज्ञात है और इसे 'पैसे के लिए गोद लेने' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। हिंदू जैविक माता-पिता और मुस्लिम दत्तक माता-पिता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जब उडुपी जिला अदालत द्वारा बाल देखभाल इकाई से बच्चे की कस्टडी की मांग को खारिज कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी. वीरप्पा और न्यायमूर्ति के.एस. हेमलेखा की खंडपीठ ने कहा कि एक अजन्मे के जीवन के अधिकार को भी संविधान के अनुच्छेद 21 के दायरे में आने वाला माना जाएगा और उडुपी जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) द्वारा दत्तक माता-पिता के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के कदम को सही ठहराया। साथ ही, डीसीपीयू ने दलील दी कि पैसे के बदले अवैध रूप से बच्चे की अदला-बदली की गई थी।

अदालत ने मुस्लिम कानून के तहत भी 'समझौते' को अमान्य करार दिया, क्योंकि समझौता मुस्लिम और गैर-मुस्लिम माता-पिता के बीच दर्ज किया गया था।

यह देखते हुए कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 एक ऐसे बच्चे के कल्याण की रक्षा कर सकता है, जिसके माता-पिता आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हैं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे में समझौता कायम नहीं रखा जा सकता।

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर नागपुर में 4,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती



**नागपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर शहर का दौरा करेंगे जिसके मद्देनजर लगभग 4,000 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मोदी के दौरे से पहले शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों के मुताबिक, विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के जवानों की मौजूदगी में पुलिस शनिवार को यात्रा मार्ग का जायजा लेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने नयी दिल्ली में एक बयान जारी कर बताया कि महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान मोदी 75,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे।

वह नागपुर से बिलासपुर के बीच चलाई जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और नागपुर मेट्रो के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। बयान के मुताबिक, मोदी नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखेंगे।

वह नागपुर और शिरडी को जोडऩे वाले 'समृद्धि महामार्ग' के पहले चरण का उद्घाटन करने के साथ ही नागपुर के मिहान क्षेत्र में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

पीएमओ के अनुसार, विदर्भ में एक सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। स्थानीय प्रशासन की ओर से साझा संभावित यात्रा कार्यक्रम के मुताबिक, प्रधानमंत्री रविवार सुबह 9.40 बजे नयी दिल्ली से नागपुर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचेंगे और फिर शहर के रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां वह वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

कार्यक्रम के अनुसार, गोवा रवाना होने से पहले मोदी दिन में शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत लगभग 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्वरित प्रतिक्रिया दल, दंगा नियंत्रण पुलिस और होमगार्ड के जवान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में इन पुलिसकर्मियों की सहायता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि अकेले एम्स परिसर में करीब 1,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।